
# Lala Jagat Naryan Eduction College

## Workshop




25 June, 2025

At 10:00 AM - 02:00 PM

**PLACE: LALA JAGAT NARYAN EDUCATION COLLEGE, JALALABAD (W)**

RESOURCE PERSON:

**Mr. Harminder Singh**

**Ms. Anupma Mutneja**

**Ms. Shaina**

**Dr. Neetika**
**Principal**

# लाला जगत नारायण कॉलेज, जलालाबाद (प)

## (वर्कशॉप रिपोर्ट)

**तिथि-25-जून-2025**

**समय-10:00 से 2:00**

**स्थान- लाला जगत नारायण कॉलेज, जलालाबाद (प)**

लाला जगत नारायण कॉलेज, जलालाबाद में आज डाइट कोड़ियांवाली फाजिल्का की ओर से 'न्यू इंडिया लिटरेसी'प्रोग्राम के तहत एक दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस वर्कशॉप में डाइट कोडियांवाली से तीन रिसोर्स पर्सन हरमिंदर सिंह (लेक्चरर साइंस), अनुपमा मुटनेजा (प्राइमरी सेंटर) और शाइना ( सहायक प्राइमरी सेंटर) ने भाग लिया। प्रिंसिपल डॉक्टर नीतिका ने सभी रिसोर्स पर्सन का औपचारिक स्वागत किया। रिसोर्स पर्सनों ने वर्कशॉप में बताया कि इस वर्कशॉप का उद्देश्य अनपढ़ लोगों को साक्षर बनाना है और यह हमारी सामूहिक जिम्मेदारी बनती है कि हम सब मिलकर इसमें भाग लें। कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. नीतिका ने बताया कि इस वर्कशॉप का उद्देश्य युवाओं और विद्यार्थियों को पढ़ने-लिखने की आधुनिक साक्षरता के महत्व के प्रति जागरूक करना है। उन अनपढ़ लोग जो कि किसी भी उम्र के हो उन सबको साक्षर करना ही इसका उद्देश्य है। कोड़ियावाली से आए रिसोर्स पर्सन ने विद्यार्थियों में उत्साह भरा और उनको आसपास के  गांव में, मोहल्लों मे, उन लोगों को साक्षर करने के लिए प्रेरित किया जो की बिल्कुल पढ़े लिखे नहीं है या कम पढ़े लिखे हैं। इस मौके पर कोड़ियावाली से आए रिसोर्स पर्सन ने डी.एल.एड के विद्यार्थियों को इनाम के तौर पर खाने पीने की वस्तुएं भी दी। विद्यार्थियों ने भी विश्वास दिलाया कि वह इस मुहिम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे। इस प्रकार यह वर्कशॉप बहुत अच्छे रूप में सफल हुई।


GPS Map Camera


GPS Map Came
Jalalabad, Punjab, India
H7rc+948, Jalalabad, Punjab 152024, India
Lat 30.59112° Long 74.270163°
25/06/2025 11:24 AM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Jalalabad, Punjab, India
H7rc+948, Jalalabad, Punjab 152024, India
Lat 30.590953° Long 74.270151°
25/06/2025 11:19 AM GMT +05:30
Google




LALA JAGAT NARYAN EDUCATION COLLEGE, JALALAB

# लाला जगत नारायण एजुकेशन कॉलेज में एनआईएलपी के अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित



**जलालाबाद, 25 जून (वाट्स/छाबड़ा)** - स्थानीय लाला जगत नारायण एजुकेशन कॉलेज में डाइट कोड़ियावाली के तत्वावधान में न्यू इंडिया लिटरेसी प्रोग्राम (एनआईएलपी) के अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में डाइट कोड़ियावाली से तीन विशेषज्ञों ने भाग लिया, जिनके नाम क्रमशः इस प्रकार हैं- श्री हरमिंदर सिंह (लेक्चरार साइंस), श्रीमती अनुपमा मुटनेजा (प्राइमरी मेंटर) और श्रीमती शाइना (असिस्टेंट प्राइम मेंटर)।

विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को एनआईएलपी से संबंधित व्यापक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह हम सभी की जिम्मेदारी है कि हम अपने आसपास के निरक्षर लोगों को शिक्षित करें।

इस कार्यशाला में विद्यार्थियों ने पूरी रुचि के साथ भाग लिया और उन्होंने उपयोगी प्रशिक्षण का लाभ उठाया। प्रशिक्षण के उपरांत विद्यार्थियों को रिफ्रेशमेंट भी प्रदान की गई।

कार्यक्रम के समापन पर कॉलेज की प्राचार्या डॉ. नीतका ने आए हुए अतिथियों का हार्दिक धन्यवाद किया और यह विश्वास दिलाया कि कार्यशाला में दिए गए निर्देशों का पालन करने का पूरा प्रयास किया जाएगा।

# लाला जगत नारायण कॉलेज में न्यू इंडिया लिटरेसी प्रोग्राम के तहत वर्कशॉप का आयोजन



**जलालाबाद (बिट्टू डूमड़ा/शिवम):** लाला जगत नारायण कॉलेज, जलालाबाद में आज डायट कोलियांवाली, फाजिल्का की ओर से न्यू इंडिया लिटरेसी प्रोग्राम के तहत एक दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस वर्कशॉप में डायट कोलियांवाली से तीन रिसोर्स पर्सन हरविंदर सिंह (लेक्चरार साइंस), अनुपमा मुतनेजा (प्राइमरी सेंटर) और शाइना (सहायक प्राइमरी सेंटर) ने भाग लिया। रिसोर्स पर्सनों ने वर्कशॉप में बताया कि इसका उद्देश्य अनपढ़ लोगों को साक्षर बनाना है और यह हमारी सामूहिक जिम्मेदारी बनती है। कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. नीतिका ने बताया कि इस वर्कशॉप का उद्देश्य युवाओं और विद्यार्थियों को पढ़ने-लिखने की आधुनिक साक्षरता के महत्व के प्रति जागरूक करना है। वर्कशॉप के दौरान छात्रों को लिटरेसी प्रोग्राम की मुख्य विशेषताएं, उद्देश्य और लाभों के बारे में जानकारी दी गई। विद्वान एवं सम्मानित अध्यापकों ने ज्ञानवर्धक व्याख्यान देकर विद्यार्थियों को सामाजिक बदलाव में साक्षरता की भूमिका से अवगत करवाया। डॉ. नीतिका ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम युवाओं में सीखने की ललक को बढ़ाते हैं और एक अनुशासित समाज के निर्माण की ओर प्रेरित करते हैं। इस अवसर पर कॉलेज के स्टाफ मेंबर, विद्यार्थी और स्थानीय बुद्धिजीवी भी उपस्थित रहे। अंत में सर्टिफिकेट भी वितरित किए गए।